इसी को लेकर पूर्व में आशुतोष दीक्षित ने याचिका दायर कर विधायक के खिलाफ आपराधिक अवमानना की मांग की थी। हालांकि हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की है।

प्रतिद्वंद्विता का मंच नहीं • आशुतोष के हस्तक्षेप पर कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अवमानना की कार्रवाई को व्यक्तिगत या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का मंच नहीं बनने दिया जाएगा। इस तरह के मामलों में न्यायिक मर्यादा सर्वोपरि है। कोर्ट ने कहा अवमानना का दायरा सीमित है, इसे अनावश्यक रूप से विस्तारित नहीं किया जा सकता।

वोट बाद में देना, पहले...

लोकसभा में उसी पार्टी को बढ़त मिली। धत्रकुड़िया के बाशिंदे युवक मालूम। वे कोलकाता मार्ग पर बारासात में काम करते हैं। भोट डालने जरूर आएंगे। वोट मांगने वाले बुलैट में तेल भराते हैं। मतदान के दिन बढ़िया खाना खिलाते हैं। सबका आतिथ्य स्वीकार है, लेकिन वोट अपनी पसंद से दूंगा-उनका स्पष्ट उत्तर है। उनके दो दोस्त भी सहमति में सिर हिलाते हैं। कोलकाता के कुछ चुनाव क्षेत्रों में छह करोड़ रुपए तक खर्च किए जाने की खबर के यहां चुनाव बहुत सस्ता है। पांच सौ बस्ती वाले गांव में चालीस से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए। बांग्लादेश सीमा से सटे बसीरहाट में लगभग सभी दुकानों, मकानों, होटलों पर बांग्लाभाषा में जानकारी है। सड़क के किनारे बसे कस्बे में सौ से अधिक दुर्गापूजा समितियां हैं।

इस साल मैदानी इलाकों के उत्तरी हिस्सों, पूर्वी तटीय राज्यों, और पश्चिम में गुजरात व महाराष्ट्र समेत आसपास के इलाकों में सामान्य से ज्यादा हीटवेव वाले दिन रहेंगे। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने मंगलवार को मौसम अनुमानों की जानकारी दी। महापात्रा ने बताया कि कुछ ऐसे इलाके भी हैं, जहां हीटवेव न भी बने, फिर भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। वहीं, जम्मू कश्मीर में मौसम बदल गया है। घाटी इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और यहां पर तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया है।

बढ़ती गर्मी से सूखा पड़ेगा

- दुनिया में सूखे का पैटर्न बदलता दिख रहा है। अब केवल कम बारिश नहीं, बल्कि बढ़ते तापमान से वाष्पीकरण तेजी से बढ़ने के कारण सूखे का संकट गहराने लगा है।
- नेचर में प्रकाशित 2025 के सूखे के आकलन के अनुसार, कई ऐसे क्षेत्र जहां वर्षा में बहुत बड़ी कमी नहीं है, फिर भी मिट्टी की नमी तेजी से घट रही है और सूखे की स्थिति बन रही है। सूखे वाले स्थान तेजी से फैल रहे हैं।

ओडिशा: 9.8 लाख वोटर के नाम हटाने के आरोप

नई दिल्ली | ओडिशा में एसआईआर होने से पहले ही 9.8 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। बीजू जनता दल के राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा ने यह आरोप लगाया है। पात्रा ने इस बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखा है। इसमें कहा कि जांच के बिना कोई डिलीशन फाइनल न हो। डेटा सार्वजनिक किया जाए। पात्रा ने कहा कि गलत डिलीशन की बड़ी संख्या में शिकायतें मिली हैं।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 14/05/2026

क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा - पुराने पंजाब भवन के पास, चिटनविसगंज नरसिंहपुर रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा	मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	साम्याबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य बयाना धरोहर जमा राशि बिड वृद्धि राशि
1	मेसर्स पदमावाति इंडस्ट्री प्रोप. श्री लक्ष्य सूर्यवंशी पिता ओमप्रकाश सूर्यवंशी कंपनी पता :- प्लॉट न. J-20 एवं J-21, सैक्टर - J, जमालपानी IGC बोरगांव, तहसील सौसर, जिला पांढुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106 आवासीय पता :- वॉर्ड न. 14, ग्राम रामाकोना ,पोस्ट रामाकोना, तहसील सौसर, जिला पांढुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106 संबन्धित शाखा: सौसर अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा. प्र. 8226003724	30/05/2025 12/08/2025 रु. 1,81,20,800.91 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	साम्य बंधन भूमि एवं भवन: संपत्ति क्र:- 1. प्लॉट न. J-20 क्षेत्रफल 800.00 वर्गमीटर, सैक्टर - J, जमालपानी IGC बोरगांव, प .ह .नं. 45, ब.नं. 154, तहसील सौसर, जिला पांढुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106 चतु:सीमा (प्लॉट न. J-20, सैक्टर - J) - उत्तर - प्लॉट न. J-21, दक्षिण- प्लॉट न. J-19, पूर्व -रोड, पश्चिम - प्लॉट न. J-28 संपत्ति क्रमांक :- 2: प्लॉट न. J-21 क्षेत्रफल 800.00 वर्गमीटर , सैक्टर - J, जमालपानी IGC बोरगांव, प .ह .नं. 45, ब.नं. 154, तहसील सौसर, जिला पांढुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106 चतु:सीमा (प्लॉट न. J-21, सैक्टर - J) - उत्तर - प्लॉट न. J-22, दक्षिण- प्लॉट न. J-20, पूर्व- रोड, पश्चिम - प्लॉट न. J-28 संपत्ति क्रमांक :- 3: Hypothecation of Plant & Machineries i.e. 1. Jaw Crusher, 2. 5 Roller Mill, 3. MS Loading Sructure, 4. Motors, 5. Electrification, Control Panel, Cables etc. भू- स्वामी / बंधककर्ता: मेसर्स पदमावाति इंडस्ट्री प्रोप. श्री लक्ष्य सूर्यवंशी पिता ओमप्रकाश सूर्यवंशी सांकेतिक कब्जा **नोट - उक्त सम्पतियो से सम्बंधित म.प्र. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (MPIDC) के समस्त बकाया देय (जैसे भू-भाटक , जल प्रभार, संधारण प्रभार एवं अन्य प्रभार, यदि कोई हो) सफल बोलीकर्ता द्वारा सम्बंधित प्राधिकरण के प्रचलित नियमो / अनुमतियो के अनुसार वहन एवं भुगतान किए जाएंगे।**	रू. 83,12,800.00 रू. 8,31,280.00 रू. 50,000/-

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbank.bank.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB alliance के वेबपोर्टल http://baanknet.com पर उपलब्ध लिंक देखें। क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा प्राधिकृत अधिकारी (मो. 9109954645) से संपर्क कर सकते है। ये ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन एवं पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांक: 22/04/2026 TIMES **कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी**

epaper-bhaskarhindi-com.wl6-demo.readwhere.com

दैनिक भास्कर
Wed, 22 April 2026
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/79693092

Scanned with OKEN Scanner